# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

05/02/20

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik Bhaskar, Jaipur Rajasthan**

# राज्यपाल से मिला जेएंडके के 47 विद्यार्थियों का दल



जयपुर | भारत सरकार के नागरिक कार्यक्रम के अंतर्गत भारत दर्शन यात्रा का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसमें जम्मू एवं कश्मीर के विद्यार्थियों को भारत दर्शन करवाया जा रहा है। इसी क्रम में जम्मू एवं कश्मीर के 47 विद्यार्थियों ने सोमवार को राज्यपाल कलराज मिश्र से भेंट की। आईजी आर.सी.मीना ने राजस्थान सेक्टर की ओर से राज्यपाल को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को भारत के संविधान की उद्देशिका, मूल कर्तव्यों एवं मूल अधिकारों के बारे में बताया। इस दौरान आईजी आर.सी.मीना, कमांडेंट लीलाधर महराणियां, मनमोहन सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। 47 विद्यार्थियों का दल मंगलवार को जयपुर भ्रमण करेगा।

**Punjab kesri, Jaipur Rajasthan**

# कश्मीरी छात्रों ने किया भारत दर्शन

## केन्द्रिय रिजर्व पुलिस का आयोजन

पंजाब केसरी/जयपुर

भारत सरकार के नागरिक कार्यक्रम के तहत भारत दर्शन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रिय रिजर्व पुलिस बल ने सोमवार को जम्मू कश्मीर के विद्यार्थियों की राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात करवाई। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान और उसकी एकत अखण्ड़ता बनाए रखने पर प्रकाश डाला।

पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रशासन राजस्थान सैक्टर आरसी मीना ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के 47 विद्यार्थियों के दल ने राज्यपाल कलराज मिश्र से भेंट की। भेंट के दौरान दल का राजभवन में स्वागत किया गया और राज्यपाल को केन्द्रिय रिजर्व पुलिस बल का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। राज्यपाल ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भारतीय संविधान की उद्देशिका, मूल कर्तव्य एवं मूल अधिकारों के बारे में छात्रों को अवगत करवाया। उन्होंने छात्रों को देश की एकता-अखण्डता को बनाए रखने के लिए निष्ठापूर्वक दायित्व निभाने का पाठ पढ़ाया। जानकारी के अनुसार छात्रों का यह दल मंगलवार को अजमेर दर्शन करने के बाद श्रीनगर के लिए प्रस्थान करेगा। दल के साथ लीलाधर महराणियां कमाण्डेंट 83 बटालियन, मनमोहन सिंह कमाण्डेंट राजस्थान सैक्टर एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

Hindustan, Lohardaga (JKD)

# उपद्रवियों में रैफ का खौफ, आमजन को सुरक्षा का भरोसा



संवाददाता

लोहरदगा : लोहरदगा में सोमवार को जिला प्रशासन के द्वारा कर्फ्यू में सुबह 6:00 बजे से लेकर संध्या 6:00 बजे तक की छूट दी गई। इस दौरान रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों के द्वारा शहरी क्षेत्र व हिंसा वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च क्या गया साथ ही रैपिड एक्शन फोर्स व अर्धसैनिक बल के जवानों के द्वारा शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर लोगों से बात कर उन्हें पूर्ण रूप से जिले में शांति स्थापित होने को लेकर आश्वस्त किया। साथ ही शहरी क्षेत्र में प्रवेश के मुख्य चौक चौराहों पर वाहनों की जांच भी की गई। वहीं सोमवार से लंबे रूट की गाड़ियों का परिचालन भी सामान्य तौर पर हुआ। सभी विद्यालय व कार्यालय सामान्य रूप से चले। इस दौरान लोहरदगा से गुमला, सिमडेगा, रांची, लातेहार, डालटेनगंज की बसें भी अपने निर्धारित समय सीमा से चली। तो वहीं बॉक्साइट का परिचालन भी सोमवार से नियमित रूप से शुरू हो गया। रैपिड एक्शन फोर्स 106 बटालियन सी के उप कमांडेंट राकेश कुमार के नेतृत्व में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने फ्लैग मार्च के दौरान रैपिड एक्शन फोर्स के उप कमांडेंट राकेश कुमार, सहायक कमांडेंट अमरकांत कुमार, आइआरबी के डीएसपी आमीश हुसैन, समेत बड़ी संख्या में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने पैदल मार्च किया। मार्च पावरगंज से शुरू होकर कुरैशी मुहल्ला, अमला टोली, बड़ा तालाब, गुदड़ी, अपर बाजार, बरवा टोली, मेनका सिनेमा हॉल, न्यू रोड, मेन रोड, तैगी नगर, बरवा टोली, अजय उद्यान, ईदगाह, निधि कॉम्प्लेक्स, दुपट्टा चौक, ब्राह्मणडीहा, निगनी, चंदकोपा, बक्सीडीपा, पतराटोली, मैना बगीचा होते हुए शहर के सभी प्रमुख मार्गो-गलियों से गुजरा। रैपिड एक्शन फोर्स, अर्ध सैनिक बल, आईआरबी के जवानों बलों के द्वारा किए जा रहे लगातार फ्लैग मार्च से शहर के सभी इलाको में शांति व्यवस्था कायम हुई है। वही उपद्रवियों में पुलिस का खौफ भी साफ देखा जा रहा है। वहीं नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास कायम हुआ है। जिस कारण शहर में नागरिकों का जनजीवन सामान्य हुआ है। रविवार के मुकाबले सोमवार को सड़कों व बाजारों में ज्यादा लोग नजर आएं। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने की अपील की। मौके पर रैपिड एक्शन फोर्स के उप कमांडेंट राकेश कुमार ने कहा कि किसी भी अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही बताया गया कि सोशल मीडिया व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्वीटर पर किसी भी प्रकार के साम्प्रदायिक, जातीय, धार्मिक, विधि-व्यवस्था को भड़काने वाले पोस्ट को शेयर या फॉरवर्ड न करें। पुलिस तथा रैपिड एक्शन फोर्स लगातार जिले के चप्पे-चप्पे पर अपनी नजर बनाए हुई है और हालात अब पूरी तरह से सामान्य है।

**कर्फ्यू में 12 घंटे की ढील, सामान्य हो रहा जनजीवन :** लोहरदगा शहरी क्षेत्र में हिंसा व उपद्रव की घटना के बाद प्रशासन द्वारा लगाए गए कर्फ्यू में सोमवार को भी शहर व सीमना क्षेत्र में कुल 12 घंटे ढील प्रदान की गई। जबकि कुडू, किस्को, कैरो, पेशरार, भंडरा और सेन्हा आदि ग्रामीण क्षेत्रों में कर्फ्यू में पूरा छूटदी गयी है, लेकिन धारा 144 लागू है। इस दौरान किसी तरह के जुलूस, सभा और मजमा लगाने में रोक लगा दी गयी है। शहर में सुबह 6:00 बजे से लेकर शाम 6:00 बजे तक के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई। इस दौरान सोमवार को लगने वाली साप्ताहिक हाट में लोगों को जरूरी सामान खरीदते देखी गयी। वहीं लंबी दूरी की गाड़ियों व बॉक्साइट ट्रकों का भी परिचालन करायी गयी। सभी स्कूल-कॉलेज व कार्यालय सामान्य रूप से चले। पुलिस-प्रशासन के अधिकारी शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार सक्रिय देखी गयी। ड्रोन कैमरे से हालात की निगरानी करने के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों के माध्यम से सुरक्षित माहौल तैयार किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन के वरीय अधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की लगातार समीक्षा करते हुए समाज के सभी वर्ग के लोगों से शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग की अपील भी कर रहे हैं। जनजीवन अब पूरी तरह से सामान्य हो रहा है।

Hindustan, Lohardaga (JKD)

# कर्फ्यू में आज 15 घंटे की रहेगी ढील

लोहरदगा | संवाददाता



लोहरदगा शहर में मंगलवार को गश्त करते रैफ के जवान। • हिन्दुस्तान

कर्फ्यू ग्रस्त लोहरदगा में जीवन तेजी से सामान्य हो रहा है। कर्फ्यू के तेरहवें दिन चार फरवरी को 12 घंटे की ढील में माहौल पूरी तरह शांत और सुरक्षित रहा। फ्लैग मार्च निरंतर जारी है। शहर के संवेदनशील भीतरी इलाकों में रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारी और जवान, झारखंड पुलिस के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया।

जिले में शहरी क्षेत्र में पांच फरवरी से कर्फ्यू में ढील की अवधि को बढ़ाकर सुबह पांच बजे से रात्रि आठ बजे तक कर दिया गया है। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आकांक्षा रंजन ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि तेजी से सामान्य हो रही व्यवस्था को सबके सहयोग से और सुदृढ़ बनाया जाएगा। तमाम लोगों से शांति बनाए रखते हुए अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। लोहरदगा प्रखंड के निंगनी, गंगूपारा व कुटमू क्षेत्र व नगरपालिका क्षेत्र में कर्फ्यू में यह ढील दी जायगी। उक्त क्षेत्र में रात में कर्फ्यू जारी रहेगी। जिले के बाकी हिस्सों से कर्फ्यू हटा लिया गया है। वहां धारा 144 के तहत सिर्फ निषेधाज्ञा अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। रैफ शहर और आसपास के भौगोलिक स्थिति पर भी काम कर रही है। इसका भविष्य में कभी भी अगर कोई गड़बड़ी हुई, तो त्वरित गति से उस पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

**Prabhat khabar, Jamshedpur (JKD)**



**जमशेदपुर.** सुंदरनगर स्थित रैफ 106 के कमांडेंट पीके सिंह के मार्गदर्शन और उप कमांडेंट अनामी शरण के पर्यवेक्षण में परिवर्तन प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ किया गया. कैंप का शुभारंभ तीन फरवरी को हुआ इसका समापन 29 फरवरी को होगा. इस प्रशिक्षण में जवानों को ड्यूटी के अनुरुप प्रशिक्षित किया गया. इसमें दंगा से निपटने के लिए दंगा ड्रिल, रैफ के विभिन्न दंगा निरोधक हथियार, न्यूनतम बल प्रयोग का सिद्धांत,धैर्य, विशेष वाहन ब्रज वाहन, वरुण वाहन, फायर टेंडर, अश्रु गैस , हथगोला,हथियारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी. इस मौके पर 91 बटालियन लखनऊ,101 बटालियन प्रयागराज, 106 बटालियन जमशेदपुर, 107 बटालियन भोपाल और 114 बटालियन जालंधर के जवान शामिल थे

Scanned with



# Cops march to instill confidence

**Medak:** Rapid Action Force along with local police organised a marched in the streets of the town here on Sunday. The march passed through Ramdas crossroads, JN Road, Fateh Nagar, Market Road, old bus stand etc. DSP P Krishnamurthy said the march was conducted to instill confidence among the public. He said keeping law and order is the prime duty of police and they work for the protection of the public. The DSP appealed people to dial 100 in case of emergency especially the women, girls for immediate help. RAF assistant commandant Avinash represented the central force. Medak town CI Venkat, Rural CI Rajasekhar, RAF Inspector Shiju, One Town SI Limbradri, along with police and RAF personnel, participated in the march.

## Enadu, Medak (TS)

# ప్రజల్లో భరోసా కల్పించేందుకే..



ప్రదర్శన నిర్వహిస్తున్న ర్యాపిడ్ యాక్షన్ ఫోర్స్

రామాయంపేట, న్యూస్‌టుడే: శాంతి భద్రతలే లక్ష్యంగా, ప్రజల్లో భరోసా కల్పించడం కోసమే కవాతు ప్రదర్శన నిర్వహిస్తున్నట్లు ఆర్‌ఏఎఫ్ డీఎస్పీ జి. అవినాష్ స్పష్టంచేశారు. మంగళవారం రామాయంపేటలో సికింద్రాబాద్‌కు చెందిన 99 రాపిడ్ యాక్షన్ ఫోర్స్ బలగాలు, స్థానిక పోలీసులు కవాతు ప్రదర్శన నిర్వహించారు. అనంతరం జి. అవినాష్.. స్థానిక సీఐ నాగార్జునగౌడ్‌తో కలిసి మాట్లాడారు. స్థానిక పరిస్థితులపై అవగాహన పెంచుకోవడంతో పాటు అత్యవసర సమయంలో ప్రజలకు ఇబ్బందులు కలుగకుండా సేవలు అందించేందుకు ముందస్తుగా ఏడాదికోసారి ఇలాంటి ప్రదర్శన నిర్వహిస్తామని చెప్పారు. ఎస్‌ఐ మహేందర్, ఆర్‌ఏఎఫ్ ఎస్‌ఐ సిజు తదితరులు పాల్గొన్నారు.

Scanned with CamScanner

**C/99 DWARA RAMAYAMPET POLICE STATION AREA ME FLAG MARCH KIYA GAYA. DURING FAMEX IN THE DIST.MEDAK (TS)**

# శాంతిభద్రతల నిర్వహణ కోసమే పోలీసుల కవాతు

**• అల్లాదుర్గం సీఐ రవికుమార్**



అల్లాదుర్గంలో ర్యాపిడ్ యాక్షన్ ఫోర్స్ పోలీసులు కవాతు నిర్వహిస్తున్న దృశ్యం

**అల్లాదుర్గం, ఫిబ్రవరి 3 :** గ్రామాల్లో శాంతి భద్రతల పరిరక్షణ కోసం పోలీసుల కవాతు నిర్వహించడం జరిగిందని అల్లాదుర్గం సీఐ రవికుమార్ అన్నారు. సోమవారం అల్లాదుర్గం పట్టణంలో రాపిడ్‌యాక్షన్ ఫోర్స్‌కు చెందిన 60 మంది పోలీసులతో పట్టణంలోని ప్రదాన వీధుల్లో కవాతు నిర్వహించారు. ఈ సందర్భంగా సీఐ మాట్లాడుతూ గ్రామాల్లో ఎలాంటి అల్లర్లు జరగకుండా ఉండేందుకుగాను ఈ కార్యక్రమం నిర్వహించడం జరిగిందని తెలిపారు. ఈ కార్యక్రమంలో అసిస్టెంట్ కమాండెంట్ జి. అవినాష్, ఐఎస్ఎఫ్ సీజు, అల్లాదుర్గం, రేగోడ్ ఎస్ఐలు మోహన్‌రెడ్డి, కాశీనాద్, ఏఎస్ఐ గంగయ్య సిబ్బంది ప్రేంకుమార్, జోగయ్య, గ్రామ సర్పంచ్ అంజీయాదవ్, ఎంపీటీసీ సభ్యులు దశరథ్ తదితరులు పాల్గొన్నారు.

## రేగోడులో

**రేగోడు ఫిబ్రవరి 3 :**రేగోడు: మండల కేంద్రం రేగోడులో సోమవారం పోలీస్ శాఖఆద్వర్యంలో ర్యాపిడ్ యాక్షన్‌ఫోర్స్‌బలగాల కవాతును నిర్వహించారు. ఈ కార్యక్రమంలో రేగోడు ఎస్ఐ కాశీనాద్, ఏఎస్ఐ సదానందం, సిబ్బంది ఉన్నారు

## పెద్దశంకరంపేటలో

**పెద్దశంకరంపేట, ఫిబ్రవరి 3:** మండల కేంద్రమైన పెద్దశంకరంపేటలో పోలీసులు, రాపిడ్ యాక్షన్ ఫోర్స్‌వారు సోమవారం పట్టణ పురవీధుల గుండా కవాతు నిర్వహించారు. శాంతి భద్రతల పరిరక్షణ కోసం ప్రతి ఒక్కరూ సహకరించాలని అల్లాదుర్గం సీఐ రవి అన్నారు. ఈ కార్యక్రమంలో పెద్దశంకరంపేట , రేగోడు ఎస్ఐలు సత్యనారాయణ, కాశీనాద్, పోలీసు సిబ్బంది, ఆర్ఏఎఫ్ పోలీసులు పాల్గొన్నారు.

Scanned with CamScanner

## పభుత్వ పథకాలపై అవగాహన

**C/99 FLAG MARCH ALLADURG PS, SHANKARMPET PS, AND REGODE PS DURING FAMEX DIST- MEDAK (TS)**

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF








**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**